कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.11.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

''व्यक्तित्व विकास'' पर अतिथि व्याख्यान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के वाणिज्य विभाग द्वारा ''व्यक्तित्व विकास'' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रुप में स्वामी प्रपदयानंद जी, रामकृष्ण मिशन रायपुर रहे।

स्वामी जी ने अपने उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास के तीन घटकों–शरीर, मन, बुद्धि पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण अच्छी बातें करने, बोलने, व सुनने से होता है। शुद्ध बुद्धि से परमार्थी बनना होगा। उन्होने का कि बुरा कि हमें सोचना है कि मैं पूरे समाज, देश व विश्व की सम्पत्ति हूँ, इसलिए मुझे पूरे समाज व देशहित के लिए काम करना होगा।

राष्ट्रहित के लिए उन्होने सभागार में उपस्थित समास्त छात्राओं को शपथ दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी, की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी, प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नैतिक मूल्यों के अभाव में आज हमारे युवाओं में देशप्रेम की भावना तथा नेतृत्व का अभाव होता जा रहा है, इसलिए भारत का कल्याण मूल्य आधारित शिक्षा से ही संभव है। जिसके लिए नई शिक्षा नीति एक कारगर उपाय है। उन्होने कहा कि व्यक्तिगत विकास हेतु इस प्रकार का व्याख्यान छात्राओं के सर्वागीण विकास में प्रभावपूर्व भूमिका अदा करते है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुलता साव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कु. डिंपल साहू, सहायक प्राध्यापक जनभागीदारी द्वारा किया गया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **29.11.2024**

//प्रेस विज्ञप्ति//

''व्यक्तित्व विकास'' पर अतिथि व्याख्यान